समाचार

# शहर की सड़कों का कायाकल्प प्रारंभ

## (राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने 04 करोड़ 67 लाख रू. की लागत से 04 प्रमुख सड़कों के नवीनीकरण, डामरीकरण कार्य का किया भूमिपूजन)






कोरबा 05 जनवरी 2021 –कोरबा शहर की जीर्ण हो चुकी प्रमुख सड़कों का कायाकल्प किए जाने का कार्य आज से प्रारंभ कर दिया गया। राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने हर्षोल्लास एवं करतल ध्वनि के बीच शहर की 04 प्रमुख सड़कों के नवीनीकरण, डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। 04 करोड़ 67 लाख रूपये की लागत से इन सड़कों का कायाकल्प किया जाएगा।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के विशेष प्रयासों से कोरबा शहर की सभी प्रमुख सड़कों का कायाकल्प किया जाना हैं। इसी कड़ी में आज शहर की 04 प्रमुख सड़कों के नवीनीकरण का कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सी.एस.ई.बी.चौक से सुनालिया पुल तक 01 करोड़ 24 लाख 99 हजार रूपये की लागत से बी.टी.सड़क नवीनीकरण कार्य, महाराणा प्रताप चौक से गुरू घासीदास चौक तक 01 करोड़ 29 लाख 57 हजार रूपये की लागत से बी.टी.सड़क नवीनीकरण कार्य, आई.टी.आई.चौक से सी.एस.ई.बी. चौक तक 01 करोड़ 08 लाख 68 हजार रूपये की लागत से बी.टी.सड़क नवीनीकरण कार्य तथा घंटाघर चौक से शास्त्री चौक तक 01 करोड़ 03 लाख 78 हजार रूपये की लागत से बी.टी.सड़क नवीनीकरण का कार्य किया जाना हैं, जिसका भूमिपूजन आज प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन

मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि निगम क्षेत्र की 07 प्रमुख सड़कों का कायाकल्प किया जाना है, जिसमें 04 सड़कों के कार्य का आज शुभारंभ कराया गया है। आज प्रारंभ किए गए कार्यो के अतिरिक्त सुनालिया से गौमाता चौक तक, घंटाघर से महाराणा प्रताप चौक तक तथा शास्त्री चौक से रिसदी तक की इन प्रमुख सड़कों का भी कायाकल्प व नवीनीकरण किया जाएगा। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि कोरबा के विकास के लिए मैंने विपक्ष में रहते हुए भी सदैव लड़ाईयां लड़ी हैं तथा पूरे समपर्ण के साथ कोरबा के विकास के लिए काम किया है। उन्होने आगे कहा कि मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि मैंने अपने कोरबा के लिए अनेक बड़ी मांगे प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के समक्ष रखी तथा उनके द्वारा उन सभी मांगों को सहज रूप में स्वीकार करते हुए इनकी घोषणा की गई, जिसके लिए मैं कोरबा की जनता की ओर से मुख्यमंत्री जी के प्रति आभर व्यक्त करता हूॅं। उन्होने आगे कहा कि बहुत जल्द वह समय आना वाला है जब शिक्षा, स्वास्थ, सड़क, खेलकूद, बिजली, पेयजल, सहित विकास के सभी बिन्दुओं पर कोरबा पूर्ण रूप से सम्पन्न होगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी ने कोरबा की सड़कों के लिए 200 करोड़ रूपये की घोषणा की है, इसके साथ ही उनके द्वारा की गई अनेक महत्वपूर्ण घोषणाओं से आप अवगत हो चुके हैं। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि सड़कों के विकास के लिए मैंने एस.ई.सी.एल. से 200 करोड़ रूपये की स्वीकृति दिलाई, वहीं दर्री डेम से गोपालपुर तक सड़क निर्माण के लिए 26 करोड़ रूपये की स्वीकृति एन.टी.पी.सी. से प्राप्त हुई, आगे आने वाले समय में आप कोरबा से जिस दिशा में जाएंगे वह पर टू लेन व फोर लेन सड़कें आपके आवागमन मे लिए उपलब्ध रहेंगी तथा आप स्वयं चयन करेंगे कि हम किस सड़क के माध्यम से अपने गतंव्य के लिए जाएं। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि कोरबा में 03 इंग्लिस मिडियम स्कूल प्रारंभ हो रहे हैं, अब झुग्गी बस्ती में रहने वाले गरीब निर्धन बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अपनी पढ़ाई करेंगे।

<u>कोरबा के विकास के लिए समर्पित हैं राजस्व मंत्री</u>– भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें गर्व है कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल जैसे नेता हम सबको प्राप्त हुए हैं, वे सदैव कोरबा के विकास के लिए पूर्ण रूप से समर्पित हैं, अभी तक कोरबा को जो विकास दिखाई पड़ रहा है, उसमें सबसे बड़ी भूमिका राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल की है, वे असंभव को संभव करने का दम रखते हैं, उन्हीं के प्रयास से प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी ने अन्य महत्वपूर्ण घोषणाओं के साथ–साथ निगम के विकास कार्यो के लिए 20 करोड़ रूपये की घोषणा की है, जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री जी का एवं राजस्व मंत्री जी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूॅं। इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि राजस्व मंत्री जी की लोकप्रियता किसी से छिपी नहीं है, वे कोरबा के विकास के लिए पूर्ण रूप से समर्पित है तथा हम जिन कार्यो को करने की दिशा में सोच भी नही सकते, वहीं कार्य राजस्व मंत्री जी पूरी सहजता के साथ पूरा कर लेते हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता हाजी अखलाख खान ने इस मौके पर कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल कोरबा के विकास के पूर्ण रूप से समर्पित है, उन्हें के प्रयासों से कोरबा में सड़कों का जाल बिछ रहा है, मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में कोरबा का ऐसा विकास होगा जिसे भविष्य में सदैव याद किया जाएगा। पार्षद श्री दिनेश सोनी ने कहा कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के प्रयास से प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने कोरबा को अनेक सौगाते दी जिसके लिए मुख्यमंत्री जी व राजस्व मंत्री जी को दिल से धन्यवाद देता हूॅं।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेश भावनानी, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, सपना चौहान, सुखसागर निर्मलकर, प्रदीप जायसवाल, पालूराम साहू, सुनीता राठौर, पार्षद दिनेश सोनी, धनसायं साहू, अनूज जायसवाल, रविसिंह चंदेल, चन्द्रलोक सिंह, शैलेन्द्र सिंह पप्पी, आशा जायसवाल, संतोष लांझेकर, पुष्पादेवीदयाल सोनी, एल्डरमेन एस.मूर्ति, रूपा मिश्रा, आरिफ खान, गीता गभेल, पूर्व पार्षद मुकेश राठौर, मनकराम साहू, रामगोपाल यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री अर्चना उपाध्याय, राजेन्द्र पालीवाल, सुभाष अग्रवाल, द्रोपदी तिवारी, शालू पनरिया, क्रांति सोनी, शशि अग्रवाल, शहीदा कुरैशी, बीरू बजाज, शैलेन्द्र सोमवंशी, प्रभात डडसेना आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।